**Headline: - IIHMR University: Over 450 students from 25 states in the new batch. "Data and AI to transform the future of healthcare"**

Print Coverage:

| Date | Publication | Edition |
|---|---|---|
| 13th August 2026 | **Rajasthan Patrika** | All |

## आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी : नए बैच में 25 राज्यों से 450 से अधिक विद्यार्थी

# 'डेटा-एआइ से बदलेगा हेल्थकेयर का कल'



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2026-28 के नए बैच के लिए चार दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू हुआ। इस वर्ष देश के 25 राज्यों से 450 से अधिक विद्यार्थी जुड़े हैं। इनमें एमबीए (हॉस्पिटल एंड हेल्थ मैनेजमेंट), एमबीए (फार्मास्युटिकल मैनेजमेंट), एमबीए (हेल्थकेयर एनालिटिक्स) और मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ के विद्यार्थी शामिल हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी. आर. सोडानी ने कहा कि तकनीक, डेटा और एआइ स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दे रहे हैं। मदरहुड हॉस्पिटल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजयरत्ना वेंकटरामन ने छोटे शहरों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की संभावनाएं बताईं। मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज के क्षेत्रीय मुख्य संचालन अधिकारी दीपक वेणुगोपालन ने विनम्रता और असफलताओं से सीखने पर जोर दिया। ग्रांट थॉर्नटन भारत के हेल्थ ट्रांसफॉर्मेशन पार्टनर निलेश माहेश्वरी ने लगातार सीखने की बात कही। अडानी हेल्थकेयर की एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट नेहा लाल ने डेटा, संचालन, शोध और सामाजिक समानता की समझ को जरूरी बताया। डॉक्टर्स फॉर यू के प्रेसिडेंट डॉ. रजत जैन ने शिक्षा को समाज में बदलाव का माध्यम बताया। पहले दिन 'टीम ओलंपिक्स-2026' हुआ। 15 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम में 14 को पद्म भूषण एवं ग्रैमी पुरस्कार विजेता पंडित विश्व मोहन भट्ट की सांस्कृतिक संध्या होगी। राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ललित के. पंवार विशिष्ट अतिथि होंगे।